उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांक – मेमो/411(2021)/अधियाचन/2021–22 दिनांक – 01.05.2021

विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज द्वारा प्रदेश के सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक एवं प्रवक्ता के विषयवार, अनारक्षित व आरक्षित श्रेणीवार तथा वर्गवार (बालक/बालिका) रिक्त पदों के सापेक्ष चयन हेतु विज्ञापन चयन बोर्ड की वेबसाइट (upsessb.org) पर दिनांक 15.03.2021 को जारी किया गया था, जिसके आवेदन ऑनलाइन प्राप्त किये जा रहे है।

कोरोना महामारी के प्रसार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये सप्ताहान्त लाकडाउन के कारण चयन बोर्ड द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थियों को अन्तिम रूप से **10 दिन** का अतिरिक्त समय देने का निर्णय लिया गया है। अब ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण करने, शुल्क जमा करने तथा ऑनलाइन आवेदन सबमिट (Submit) करने की अंतिम तिथियाँ क्रमशः **10.05.2021, 12.05.2021 तथा 15.05.2021** निर्धारित की जाती हैं।

ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए विस्तृत अनुदेश चयन बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे चयन बोर्ड की वेबसाइट पर विज्ञापन से सम्बन्धित निर्देशों का भली–भॉति अध्ययन कर पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें, तद्नुसार आवेदन करें। आवेदन सबमिट (Submit) करने की अन्तिम तिथि वर्तमान में **दिनांक 15.05.2021** है। इसके पश्चात किसी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं होगा।

उपसचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।